## टिप्पणी एवं आदेश

पत्रांकः— 1420 /वि0जा0वि0मं0 / मेरठ / निविदा अनुमोदन दिनांकः 28.01.2025

**विषयः—** विद्युत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला घुन्ना जिला सहारनपुर में क्षतिग्रस्त बाउन्ड्रीवॉल का पुनः निर्माण, एक नग पेन्टिंग एवं वाशिंग शेड का निर्माण एवं अन्य जानपदीय कार्य **को अल्पकालिक ई–निविदा प्रकाशन कराने हेतु अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

**मुख्य अभियन्ता (जानपद) / निदेशक (का0 एवं प्रब0) / प्रबन्ध निदेशक,**
**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ।**

महोदय,

सादर संज्ञान में लाना है कि निदेशक मण्डल की 162वीं बैठक के निणर्यो के अनुपालन में क0सं0–1(ग)(i) की अंकतालिका के कमांक 3 पर अंकित बिजनेस प्लान–2024–25 के अन्तर्गत विद्युत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला घुन्ना जिला सहारनपुर में क्षतिग्रस्त बाउन्ड्रीवॉल का पुनः निर्माण, एक नग पेन्टिंग एवं वाशिंग शेड का निर्माण एवं अन्य जानपदीय कार्य हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 261 / वि0जा0वि0मं0 / मेरठ / अनुमोदन दिनांक 12.3.2024 एवं मुख्य अभियन्ता, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ के कार्यालय पत्रांक 1267 दिनांक 21.03.2024 के अनुसार वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने उपरान्त ई–निविदा आमन्त्रित की जा चुकी है।

उक्त आमन्त्रित निविदा को ई–निविदा सूचना संख्या 16 / वि0जा0वि0मं0 / मेरठ / 2023–24 के माध्यम से प्रकाशित किया गया, जिसका प्रथम भाग दिनांक 20.04.2024 को खोला गया, जिसमें उक्त निविदा में प्रतिभाग करने वाले निविदाकारों को निविदा की शर्तो के अनुसार अनर्ह पाया गया, जिस कारण निविदा को पत्रांक 518 दिनांक 09.05.2024 के द्वारा मुख्य अभियन्ता के अनुमोदन दिनांक 17.05.2024 के अनुसार कार्यालय ज्ञाप संख्या 672 दिनांक 22.05.2024 के द्वारा निरस्त कर दिया गया (छायाप्रति संलग्न)। फलस्वरूप उक्त निविदा को पुनः प्रकाशन किया जाना प्रस्तावित था।

अतः उपरोक्त तथ्यों एवं कार्य की तात्कालिकता एवं महत्ता के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि प्रश्नगत निविदा को अल्पकालिक ई–निविदा आमन्त्रित करने हेतु अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

संलग्नकः—उपरोक्तानुसार।

प्रस्ताव स्वीकृत
28.01.25

28/01/25
(अवधेश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता (जानपद)
वि0जा0वि0मं0, मेरठ

मुख्य अभियन्ता (जानपद)
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
विक्टोरिया पार्क, मेरठ